UP Board Notes Class 8 English Chapter 3 The Right Choice

WORD MEANING's (शब्दार्थ)
sternly – कठोरतापूर्वक, **overhearing** – संयोग से बात सुनकर, **firmly** – मज़बूती से, **concentrate** | – ध्यान केंद्रित करना, **inauguration** – उद्घाटन।

(पाठ का हिन्दी अनुवाद)

Rakesh was ....shesaid.
हिन्दी अनुवाद- राकेश बहुत उत्तेजित था। वह उसकी परीक्षा का अंतिम दिन था। उसकी छुट्टियाँ प्रारम्भ होने को थीं। वह बड़ी प्रसन्नता से घर वापस गया।
जैसे ही वह घर पहुँचा उसने अपना बस्ता एक कोने में रखा और अपने भाई के कमरे की तरफ भागा।
उसकी माँ ने कहा, "राकेश, अपने भाई को परेशान मत करो। उसकी परीक्षा अभी खत्म नहीं हुई हैं।" राकेश मायूसी से अपने कमरे में वापस आ गया। उसका भाई मुकेश बोर्ड की परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसके माता-पिता मुकेश को परेशान नहीं करना चाहते थे।
कुछ देर बाद उसकी माँ ने आवाज़ लगाई, "राकेश?" "हाँ, माँ" उसने उत्तर दिया और माँ के कमरे की तरफ दौड पड़ा। उसने उत्सुकता से पूछा, "क्या बात है माँ?" "मुकेश के कमरे का टेबल लैम्प नहीं चल रहा है। उसे उसकी आवश्यकता है। जाओ और बिजली मिस्त्री को बुलाओ," उन्होंने कहा।

हिन्दी अनुवाद- "माँ, क्या मुकेश उसे स्वयं ठीक नहीं कर सकता? वह इस काम में अच्छा है," राकेश ने कहा। राकेश, बहस मत करो। जैसे कहा है वैसा करो," उन्होंने कठोरतापूर्वक कही। संयोग से इस बात को सुनकर, मुकेश बाहर आया और बोला, "ओह! माँ, कृपया मुझे प्रयास करने दो। इसमें आधे घण्टे से अधिक समय नहीं लगेगा।"
"नहीं, अपना समय बर्बाद नहीं करो। जाओ और पढ़ो," उन्होंने कठोरतापूर्वक कहा।
शान्तिपूर्वक, मुकेश अपने कमरे में वापस आ गया परन्तु वह अपनी पढ़ाई में ध्यान नहीं लगा पा रहा था। वह अपने बिजली उपकरणों के बॉक्स को प्रयोग करने का उत्सुक था। मुकेश ने प्रत्येक उपकरण का बहुत ध्यान से चुनाव किया था। वह उसकी तरफ देखता रहा। वह स्वयं को रोक नहीं सका और अन्ततः लैम्प को ठीक करने के लिए उठा।
जब तक राकेश वापस आया, मुकेश लैम्प की मरम्मत कर चुका था। ।
"वाह! मुकेश तुम बहुत प्रतिभाशाली हो। मैं जानता था कि तुम इसे कर सकोगे," राकेश ने कहा। "परेशानी के लिए खेद है श्रीमान यादव, काम पहले ही हो चुका है," माँ ने बिजली मिस्त्री को कहा। "मैं सुनिश्चित हूँ यह मुकेश ने ही किया होगा। आपके पास पहले से ही घर में एक निपुण बिजली मिस्त्री है," श्रीमान यादव ने कहा और मुस्करा कर चले गए।

Now stop wasting ....good luck.
हिन्दी अनुवाद- "अब अपना समय बर्बाद करना बंद करो और अपनी पढ़ाई वापस से शुरू करो," माँ ने मुकेश को कहा। परिणामों की घोषणा के दिन, मुकेश अपने माता-पिता के साथ स्कूल गया। मुकेश ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। माँः अब एक अच्छे कॉलेज में दाखिला लेना तुम्हारे लिए आसान होगा।
मुकेशः माँ, मैं कॉलेज जाना नहीं चाहता। पिताजी, मैं एक ऐसा कोर्स करना चाहता हूँ जिसकी मदद से मैं अपने

https://www.evidyarthi.in/

शौक को पेशा बना सकें।
अगले दिन वह अपने पिता के साथ तकनीकि प्रशिक्षण संस्थान गया। वहाँ उसे अपनी पसंद के कोर्स में दाखिला मिल गया। (कुछ सालों के बाद...)
घर से निकलते समय सभी प्रसन्न दिख रहे थे। मुकेश ने एक नई दुकान लगाई थी और वे सब उसके उद्घाटन के लिए जा रहे थे। उद्घाटन की रस्म के समय, मुकेश ने राकेश को आगे आने और रिबन काटने को कहा। सभी ने तालियाँ बजाईं और मुकेश को शुभकामनाएँ दीं।

https://www.evidyarthi.in/